आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.11.2025/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला की लिफ्ट पार्किंग के पास हिम ईरा की पहल के तहत हिमाचल हाट का शिलान्यास किया। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित किए जा रहे इस हाट में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित पारंपरिक उत्पादों को बिक्री के लिए रखा जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हाट मेहनती और हुनर मंद महिलाओं के सपनों को साकार करने की दिशा में सरकार का एक और मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि हर महिला को आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम ईरा से जुड़ी महिलाएं अपने हाथों से बने उत्पादों के जरिए देश में अपनी पहचान बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह और विधायक हरीश जनारथा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

<u>शिक्षा मंत्री</u>

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में सर्वांगीण विकास हुआ है। ये बात आज उन्होंने कोटखाई उपमंडल की रामनगर पंचायत में 35 लाख रूपए से अधिक राशि से निर्मित पंचायत भवन के उदघाटन अवसर पर कही। रोहित ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों के निर्माण सहित बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए करोड़ों रूपए की राशि खर्च की जा रही है। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने रामनगर में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया।

<u>जयराम ठाकुर</u>

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने और मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए अतुलनीय कार्य किए हैं। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लंबलू में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सत्ता संभालने के छः महीने के भीतर ही 21 जून को युनाईटिड नेशन जनरल असेंबली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करवाया और इस प्रस्ताव को एक सौ 77 देशों का समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी केंद्र सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं जो मातृ शक्ति के सशक्तिकरण में मील पत्थर साबित हुई हैं। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सरकार चलाने के लिए झूठी गारंटियों की नहीं बल्कि सच्ची नीयत की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है और सरकार बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने में नाकाम साबित हुई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कानून व्यवस्था के मुददे पर एक दिसंबर को विधानसभा का घेराव भी करेगी।

<u>राजेश धर्माणी</u>

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज ऊना स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज में चार दिवसीय राज्य स्तरीय अंतरमहाविद्यालय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस महोत्सव में प्रदेश के 44 महाविद्यालयों के 6 सौ 87 छात्र छात्राएं शास्त्रीय नृत्य, कोरियोग्राफी, लोक नृत्य, नाटक व गायन सहित अन्य विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक जुड़ाव का मंच प्रदान करते हैं।

प्रसारण दिवस

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर वर्ष 12 नवंबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रेडियो से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। प्रसारण के इतिहास में आज का दिन एक ऐसा ऐतिहासिक दिवस है जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1947 में दिल्ली स्थित प्रसारण भवन का पहला और एकमात्र दौरा किया था। गांधी जी ने दीपावली पर एक विशेष प्रसारण के माध्यम से पाकिस्तान में विस्थापित और कुरुक्षेत्र में ठहरे हुए शोकाकुल भारतीयों को संबोधित किया था।

मैं रेडियों से बोलू आपके लिए और आपके सामने तो अच्छा होगा जब पीछे जा सकता हूं तो जाऊ तो मैं तो आपके पास आने की कोशिश कर रहा हूं। मैंने कुछ भी हिंदुस्तान की सेवा की है या तो कहूं तो जगत की क्योंकि मेरे पास हिन्दूस्तान और जगत कोई अनोखी चीज नहीं है। अगर हिंदुस्तान की सेवा करता हूं तो उससे मार्फत भी सारे जगत की सेवा करना यह मेरे जीवनभर का मंत्र है।

———————————————————————————————————————————
———